# रामसागर झील को बनाएंगे पर्यटन का केन्द्र, 21 फीट ऊंची भगवान श्रीराम की प्रतिमा भी लगेगी : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हिण्डोली में 70 करोड़ रुपए के 24 विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण किया

-कार्यालय संवाददाता-

**बूंदी/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रामसागर झील के द्वितीय चरण के पर्यटन एवं विकास कार्य तथा महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्री बाई फुले की जीवनी पर आधारित पेनोरमा और पुस्तकालय बनाने की घोषणा की। उन्होंने रामसागर झील पर सीपेज की समस्या के समाधान के लिए भी आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि रामसागर झील के किनारे भगवान श्रीराम की 21 फीट ऊंची प्रतिमा बनने पर यह आस्था का भी केन्द्र बनेगा। शर्मा शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर बूंदी के हिण्डोली में विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हिण्डोली में 70 करोड़ रुपये की लागत के24 विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस दौरान जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक गोपीचंद मीना मौजूद थे।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने हिण्डोली में रामसागर झील के सौन्दर्यीकरण कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने घाट पूजन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की तथा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही, उन्होंने वीर तेजाजी मंदिर में दर्शन भी किए। इसके पश्चात अमरत्या चौराहे स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधिगण एवं आमजन ने मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया तथा बजट घोषणाओं में दुगारी बांध के जीर्णोद्धार सहित अन्य सौगातों के लिए आभार व्यक्त किया।



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को कोटा के हिण्डोली में 70 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण किया। इस मौके पर स्थानीय पदाधिकारियों और आम जनता ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया।**

- **महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्री बाई फुले का पेनोरमा और पुस्तकालय बनाने की घोषणा**
- **राज्य सरकार का संकल्प है कि हर गांव और घर तक पहुंचे विकास : भजनलाल शर्मा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि हर गांव और घर तक विकास पहुंचे। सरकार ने बूंदी जिले के विकास के लिए पिछले तीन बजट में महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। चम्बल कमांड क्षेत्र की दक्षता सुधार के लिए 353 करोड़ रुपये की लागत से 167 किलोमीटर में पक्की लाइनिंग एवं 11 हजार 746 हैक्टेयर कमांड क्षेत्र में खेत सुधार कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार 184 करोड़ रुपये की लागत से बूंदी-सीलोर-नमाना-गरडा-भोपटपुरा (एसएच-29बी) 44 किमी सड़क का कार्य प्रगति पर है। वहीं, एनएच-148डी से एसएच-34 तक 80 करोड़ रुपये की लागत से 33 किमी सड़क निर्माण कार्य हेतु निविदा खोली गई है। लाखेरी योजना में 35 करोड़ रुपये की लागत से 195 आवासों का निर्माण कार्य चल रहा है।

राम जल सेतु लिंक परियोजना के प्रथम चरण में लगभग 9500 करोड़ रुपये के कार्य प्रगतिरत हैं। इस परियोजना के अंतर्गत लगभग 13000 करोड़ रुपये के कार्यों की डीपीआर तैयार की जा चुकी है। इंद्रगढ़ के मुख्य नहर से सम्बंधित कार्य 75 करोड़ रुपये की लागत से करवाए जाने के कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं।साथ ही, रामसागर झील का पर्यटन एवं विकास कार्य प्रगति पर है।

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने वर्ष 2026-27 के बजट में भी बूंदी के लिए कई घोषणाएं की हैं। बूंदी जिले में 70 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न मिसिंग लिंक सड़कों के कार्य एवं 23 करोड़ रुपये की लागत से बूंदी शहर की आवासीय कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं के कार्य करवाए जाएंगे। बूंदी के नवीन व्यावसायिक एवं आवासीय कॉलोनियों में 30 करोड़ रुपये की लागत से आंतरिक कार्य तथा 60 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न स्थानों पर एनीकट निर्माण, जीर्णोद्धार, मरम्मत व क्षमता वृद्धि के कार्य भी होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगले एक वर्ष तक महात्मा ज्योतिबा फुले की द्विशताब्दी जयंती मनाने की पहल की है। उन्होंने कहा कि बांदीकुई की धरती से प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक में एक उच्च माध्यमिक विद्यालय में 'सावित्री बाई फुले ई-लाइब्रेरी' की स्थापना एवं समस्त जिलों में 'महात्मा ज्योतिबा फुले आदर्श विद्यालय' स्थापित करने की घोषणा की गई है। साथ ही, उन्होंने प्रदेशवासियों से महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्री बाई फुले के सामाजिक सुधार के कार्यों से प्रेरणा लेकर देश-प्रदेश के उत्थान में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है।

# सुबोध अग्रवाल को सास के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं मिली

## अदालत ने कहा कि जल जीवन मिशन में हुए करीब 960 करोड रुपए के घोटाले से जुडे मामले में आरोपी 13 अप्रैल तक पुलिस अभिरक्षा में है।

**जयपुर (कासं)।** शहर की निचली अदालत ने जल जीवन मिशन में हुए करीब 960 करोड रुपए के घोटाले से जुडे मामले में आरोपी पूर्व आईएएस और तत्कालीन जलदाय सचिव सुबोध अग्रवाल को सास के अंतिम संस्कार में शामिल की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने कहा कि आरोपी 13 अप्रैल तक पुलिस अभिरक्षा में है।

शनिवार को अदालतों में अवकाश होने के चलते सुबोध अग्रवाल की ओर से ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रार्थना पत्र पेश किया गया। प्रार्थना पत्र में अधिवक्ता एसएस होरा ने कहा कि उसकी सास का बीती रात शिमला में निधन हो गया है।

जिसके 13 दिन तक संस्कार होने हैं। वह सास के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जाना चाहता है। ऐसे में उसे अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाए। जिसे अदालत ने खारिज कर दिया। गौरतलब है कि जल जीवन मिशन घोटाले से जुडे मामले में एसीबी कोर्ट की ओर से गत दिनों सुबोध अग्रवाल को भगौडा घोषित किया था।

इसके बाद वह दिल्ली में एसीबी की गिरफ्त में आया। बीते शुक्रवार को एसीबी ने आरोपी को विशेष अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड मांगा था। इस पर अदालत ने उसे 13 अप्रैल तक पुलिस रिमांड पर एसीबी को सौंप दिया था।

# महात्मा ज्योतिबा फुले का संपूर्ण जीवन प्रेरणादायक : बागड़े

## महात्मा फुले के जयंती समारोह में राज्यपाल का संबोधन



**राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह में युवाओं को उनके आदर्शों को अपनाने का आव्हान किया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत और निवर्तमान जयपुर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर भी मौजूद थे।**

**जयपुर (कासं)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल पर उनकी प्रतिमा को नमन करते उन्होंने कहा कि वंचितों के कल्याण के लिए समर्पित उनका संपूर्ण जीवन प्रेरणा देने वाला है। बागडे ने कहा कि महान समाज सुधारक, महिला शिक्षा के अग्रदूत और सत्यशोधक समाज के संस्थापक ज्योतिबा फुले व्यक्ति नहीं महामानव थे। उनका जीवन हमें सामाजिक समरसता और ज्ञान के लिए समर्पित रहकर दूसरों के कल्याण के लिए कार्य करने के आदर्श से जोड़ने वाला है।

राज्यपाल ने ज्योतिबा फुले के जीवन प्रसंगों को साझा करते हुए कहा कि उन्होंने रूढ़िवादी परंपराओं का विरोध किया और शिक्षा के माध्यम से समाज में जागृति लाने का कार्य किया। ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन वंचित, शोषित, पीड़ित पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित किया। उन्होंने महाराष्ट्र में महात्मा ज्योतिबा फुले स्मारक की चर्चा करते हुए कहा कि वह युग प्रवर्तक थे। उन्हें हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि उनके बताए आदर्श मार्ग पर चलते हुए हम जीवन की उज्ज्वल राहों की ओर अग्रसर हों।

कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत और निवर्तमान जयपुर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर भी मौजूद थे।

# राजस्थान वित्त निगम को संपत्ति विक्रय के लिये सशर्त एन.ओ.सी. की मंजूरी

## रीको प्रशासन ने प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए लिया महत्वपूर्ण निर्णय लिया

**जयपुर।** प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मजबूत बनाने के लिए रीको प्रशासन महत्वपूर्ण निर्णय ले रहा है। इसी क्रम में, राजस्थान वित्त निगम को रीको द्वारा आवंटित संपत्तियों के विक्रय के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) जारी करने के संबंध में सशर्त मंजूरी प्रदान की है।

उल्लेखनीय है कि रीको द्वारा राजस्थान वित्त निगम को समय-समय पर बांसवाड़ा, कोटा, अलवर, झुंझुनूं, आबूरोड, बालोतरा, जालौर एवं भिवाड़ी के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में रियायती अथवा प्रचलित दरों पर कार्यालय भवन अथवा आवासीय क्वार्टर के लिए भूखंड आवंटित किए गए थे। इन भूखंडों के विक्रय हेतु राजस्थान वित्त निगम द्वारा एनओसी की मांग की गई थी, जिसे रीको ने नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की है। तत्कालीन प्रचलित दरों पर आवंटित भूखंडों के लिए रीको द्वारा एनओसी जारी कर दी गई है। वहीं, रियायती दरों पर आवंटित भूखंडों के मामलों में एनओसी इस शर्त पर जारी की गयी है कि राजस्थान वित्त निगम आवंटन के समय दी गई रियायत की राशि ब्याज सहित जमा कराएगा। इसके अतिरिक्त, रीको ने यह भी स्पष्ट किया है कि संबंधित भूमि अथवा संपत्ति का उपयोग उसी उद्देश्य के लिए किया जाएगा, जिसके लिए उसका मूल रूप से आवंटन किया गया था। रीको के इस कदम से लंबे समय से अनुपयोगी प्रीमियम भूखण्डों का उपयोग राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने हेतु किया जा सकेगा। इन संपत्तियों के विक्रय पश्चात् इनमें कमर्शियल ऑफिस व रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स का निर्माण हो सकेगा।

# मुख्यमंत्री ने फुले को श्रद्धांजलि अर्पित की

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। शर्मा ने बाईस गोदाम स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर शर्मा ने प्रदेशवासियों से महात्मा ज्योतिबा फूले के समाज सुधारक कार्यों एवं उनके आदर्शों को अपनाकर शिक्षा और समानता के क्षेत्र में सहभागिता निभाने का आव्हान किया। इस दौरान विधायक जसवंत यादव, गोपाल शर्मा, देवेन्द्र जोशी सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# भाजपा ने नीतिश कुमार को सांसद बनाकर धोखा किया : अखिलेश

- **जयपुर दौरे पर आए यादव ने भाजपा और यूपी के मुख्यमंत्री पर तंज कसे**

**जयपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को जयपुर दौरे के दौरान भाजपा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला बोला। वे जयपुर स्थित रामबाग पैलेस में आयोजित विजन इंडिया: हॉर्मोनियस हेरिटेज समिट में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने आए थे।

मीडिया से बातचीत में अखिलेश यादव ने नीतीश कुमार को लेकर कहा कि वे उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते थे लेकिन भाजपा ने उन्हें राज्यसभा सदस्य बनाकर उनके साथ 'धोखा' किया है। यह एक राजनीतिक षड्यंत्र है। उन्होंने कहा कि आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) भाजपा का शुद्धिकरण करेगा।

अखिलेश यादव ने व्यंग्यात्मक अंदाज में योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बिना उनकी कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जो दूसरों से प्रमाण पत्र मांगते हैं, उनके पास खुद का प्रमाण पत्र नहीं है। शंकराचार्य को मिली धमकियों के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि उनके विचार महत्वपूर्ण हैं और वे नकली संतों के खिलाफ खड़े हैं। उन्होंने योग, खेल और विदेश यात्रा से जुड़े उदाहरण देते हुए मुख्यमंत्री पर तंज कसा।

अखिलेश यादव ने धुरंधर फिल्म और वेब सीरीज को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि जैसे फिल्मों में लिखा जाता है कि सभी पात्र काल्पनिक हैं। उसी तरह भाजपा भी कहानी गढ़ने का काम करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि फिल्मों और कंटेंट के जरिए समाज में भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है, जो अगले कुछ वक्त में और ज्यादा होगा।

विजन इंडिया समिट को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने भारत की सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जयपुर की पहचान पिंक सिटी के रूप में केवल नाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शहर सांस्कृतिक विविधता और समरसता का प्रतीक है।

# मेरे लिए जनता के प्यार से बड़ा कोई पद नहीं : वसुंधरा राजे

**जयपुर (कासं)।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने स्पष्ट किया है कि झालावाड़ जिले के कामखेड़ा बालाजी प्रांगण में सांसद दुष्यंत सिंह की पदयात्रा के अवसर पर उनका वहाँ के लोगों से जो संवाद हुआ, उसे ग़लत संदर्भ से जोड़कर ग़लत प्रचारित किया जा रहा है, जो एक षड्यंत्र के अलावा कुछ भी नहीं है। राजे ने कहा कि मैंने कभी पद की बात नहीं की। मैं पहले भी कई बार कह चुकी हूँ कि मेरे लिए जनता के प्यार से बड़ा कोई पद नहीं है, जो प्रदेश में मुझे सर्वाधिक मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र से होकर एक फ़ोरलेन सड़क बन रही है। जिसके बाइपास का वहाँ के लोग एलाइमेंट बदलवाना चाहते थे। मैं उनको उदाहरण दे कर समझा रही थी कि धौलपुर में मेरे घर के सामने से राष्ट्रीय राजमार्ग निकला तो मुझे भी अपने घर की बाउंड्री पीछे लेनी पड़ी थी, मैं अपने आपके लिए नहीं लड़ सकी। जब मेरा घर ही रोड में चला गया। नियमों के कारण मैं अपना घर ही टूटने से नहीं बचा सकी तो आपका कैसे बचाऊँगी ? राजे ने कहा कि झालावाड़ को उन्होंने कभी राजनीतिक क्षेत्र नहीं माना, अपना परिवार माना है।

# राजस्थान यूथ डायलॉग का फिनाले कल

**जयपुर।** यूनियन बजट 2026 पर आधारित माय भारत बजट क्वेस्ट का आयोजन 1 फरवरी से 22 फरवरी तक ऑनलाइन माध्यम से माय भारत पोर्टल पर हुआ। जिसमें 15 से 29 वर्ष के 12 लाख से अधिक युवाओं ने संपूर्ण देश में भागीदारी की। युवा मामले और खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा युवा भारत माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 के जोन 14 राजस्थान राज्य के विजेता प्रतिभागियों के साथ राजस्थान यूथ डायलॉग का दो दिवसीय फिनाले का आयोजन 12 व 13 अप्रैल को किया जाएगा। इस संबंध में यूथ हॉस्टल में आयोजित प्रेस वार्ता में युवा मामले एवं खेल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता ने जानकारी दी।

# राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला 17 से 24 अप्रैल तक लगेगा

## जवाहर कला केन्द्र में होगा आयोजन, तैयारियां जोरों पर

**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि सहकारिता विभाग एवं राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफेड) द्वारा जयपुर में 17 से 26 अप्रेल तक 'राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2026' का आयोजन किया जाएगा। जवाहर कला केन्द्र में राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों की सहकारी संस्थाओं द्वारा गुणवत्तापूर्ण मसालों एवं अन्य उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जाएगी।

दक ने बताया कि सहकारिता विभाग एवं कॉनफेड द्वारा वर्ष 2003 से निरन्तर प्रतिवर्ष मसाला मेले का आयोजन किया जाता है, जो अब जयपुर की विशिष्ट पहचान बन चुका है। राष्ट्रीय स्तर के इस मेले का जयपुरवासियों को खास इंतजार रहता है और बड़ी तादाद में लोग इसमें खरीददारी के लिए पहुंचते हैं। मेले में आमजन को शुद्ध मसालों सहित अन्य गुणवत्तापूर्ण उत्पाद एक ही स्थान पर उपलब्ध होते हैं। उन्होंने बताया कि मसाला मेला सहकारी संस्थाओं, महिला समूहों एवं स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के व्यवसाय, बिक्री एवं प्रचार के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करता है। राज्य की प्रमुख सहकारी संस्थाएं, जिला उपभोक्ता भण्डार, क्रय-विक्रय सहकारी समितियां, महिला सहकारी समितियां एवं स्वयं सहायता समूह मेले में स्टॉल्स पर अपने उत्पाद प्रदर्शित करते हैं।



सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक

सहकारिता मंत्री ने बताया कि इस बार मेले में 150 स्टॉल्स लगाई जाएगी, जिन पर उच्च गुणवत्ता के मसाले, श्री अन्न उत्पाद, ऑर्गेनिक उत्पाद, जीआई टैग उत्पाद, तेल, अनाज, हस्तनिर्मित एवं घरेलू उत्पाद आदि आमजन को उपलब्ध करवाये जाएंगे। उन्होंने बताया कि केरल की काली मिर्च एवं लौंग, इरोड (तमिलनाडू) की हल्दी एवं दालचीनी, गुंटूर (आंध्र प्रदेश) की लाल मिर्च एवं काजू, कश्मीर की केसर एवं ड्राई फ्रूट्स, पंजाब के चावल एवं रेडी टू ईट प्रोडक्ट, मध्य प्रदेश का सिहोरी गेहूं, मथानिया की लाल मिर्च, रामगंजमंडी एवं बारां का धनिया, नागौर का जीरा एवं कसूरी मैथी, जालोर की ईसबगोल, सिरोही की सौंफ, प्रतापगढ़ की हींग, चित्तौड़गढ़ की अजवाइन, पुष्कर का गुलकन्द, नाथद्वारा की ठण्डाई, भुसावर का अचार, राजसमंद का शर्बत, सोजत की मेहंदी, डूंगरपुर का आम पापड़, झाडोल की अरहर दाल, बीकानेर के पापड़ आदि मेले के मुख्य आकर्षण होते हैं।

# जोजरी नदी क्षेत्र में पौधारोपण और अपशिष्ट समाधान के लिए एनआईएच जैसी संस्थाओं का विशेषज्ञ सहयोग लेंगे : अरोरा

## प्रदूषण नियंत्रण मंडल पर्यावरणीय मानकों की पालना व औद्योगिक विकास में सहभागी : चेयरपर्सन

**जयपुर।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की चेयरपर्सन अपर्णा अरोरा ने कहा है कि राज्य के सतत औद्योगिक विकास और पर्यावरणीय संतुलन बनाये रखने के लिए परस्पर सहयोग और समन्वय से कार्य किया जाएगा। उन्होंने जोजरी नदी के आसपास व किनारे किनारे पौधारोपण करवाने के निर्देश दिए, वहीं हाई रेट ट्रांस इवोप्रेशन सिस्टम एचआरटीएस अपशिष्ट के वैज्ञानिक समाधान के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी संस्थान जैसी विशेषज्ञ संस्थानों से समन्वय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरणीय मानकों की पालना सुनिश्चित कराते हुए प्रदेश के औद्योगिक और आर्थिक विकास में सहभागी की भूमिका निभा रहा है।

राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की चेयरपर्सन अपर्णा अरोरा शनिवार को राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पाली, बालोतरा और जोधपुर के टेक्सटाइल उद्योगों के जल प्रदूषण के संबंध में चर्चा कर रही थी। उन्होंने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के कार्यों पर चर्चा करते हुए पाली, बालोतरा और जोधपुर टेक्सटाइल उद्योगों में पर्यावरणीय नियमों की पालना पर विचार विमर्श किया और राज्य के टेक्सटाइल सेक्टर में पर्यावरणीय नियमों की प्रभावी अनुपालना सुनिश्चित किये जाने हेतु कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता भी प्रतिपादित की। नदी किनारे व आसपास के क्षेत्र में पौधारोपण से पर्यावरण संतुलन बनेगा। उन्होंने अधिकारियों को पूर्ण सजगता के साथ कार्य करते हुए पर्यावरणीय नियमों की पालना सुनिश्चित कराने पर जोर दिया।




**राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की चेयरपर्सन अपर्णा अरोरा ने शनिवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पाली, बालोतरा और जोधपुर के टैक्सटाइल उद्योगों के जल प्रदूषण के संबंध में चर्चा की।**

अरोरा ने कहा कि राज्य में सतत औद्योगिक विकास को बनाए रखने के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के स्तर पर सभी सम्बंधित विभागों के साथ परामर्श एवं समन्वय बनाया जाएगा वहीं औद्योगिक संघों से भी समन्वय बनाते हुए प्रदूषण नियत्रंण में उनकी भागीदारी तय की जाएगी। बैठक में राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव कपिल चंद्रवाल, मुख्य पर्यावरण अभियंता प्रेमालाल, अतिरिक्त पर्यावरण अभियंता भुवनेश माथुर, अमित शर्मा, अधीक्षण वैज्ञानिक अभिषेक शर्मा, क्षेत्रीय अधिकारी जयपुर विवेक गोयल व मंडल मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों एवं क्षेत्रीय अधिकारी पाली, बालोतरा, जोधपुर एवं जयपुर (दक्षिण) ने हिस्सा लिया।

# 'तृतीय श्रेणी शिक्षकों के समानीकरण में नियमों की अनदेखी'

**जयपुर।** राधाकृष्णन शिक्षक संघ के जयपुर जिलाध्यक्ष कैलाश सैन ने कहा कि संस्कृत शिक्षा विभाग में तृतीय श्रेणी अध्यापकों के समानीकरण में नियमों की अनदेखी की गई। समानीकरण में जिस पंचायत में अधिशेष कर्मचारी कार्यरत है और उसी पंचायत मे पद रिक्त हों तो, पहले वही समायोजित किया जाता तो उचित रहता है। अगर उस पंचायत मे पद नहीं है तो आसपास की पंचायत अथवा पंचायत समिति, ब्लॉक या फिर उसी जिले मे पद रिक्त होने पर समायोजित किया जाता है। वरिष्ठता के आधार पर कॉउंसलिंग सें समायोजित किया जाता है। इसके बावजूद नियमों को दरकिनार करके जिले में पद रिक्त होने पर दूर-दराज के जिलों मे समायोजित किया गया है और न हीं कॉउंसलिंग प्रक्रिया को अपनाया गया है। विभाग ने सिर्फ मनमर्जी थोपी है। पहले तबादलों मे अपनी मनमर्जी थोपी गई, इसी सत्र सें ग्रीष्म अवकाश मे सें भी 10 दिन की कटौती कर दी गई।

# ऑडी कार से एक की मौत और 14 घायल हुए थे

## आरोपी को हाईकोर्ट से जमानत मिली

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने पत्रकार कॉलोनी थाना इलाके में ऑडी कार की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत और 14 लोगों के घायल होने के मामले में आरोपी दिनेश को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस प्रवीर भटनागर की एकलपीठ ने यह आदेश आरोपी दिनेश की जमानत याचिका को स्वीकार करते हुए दिए।

जमानत याचिका में अधिवक्ता अंशुमान सक्सैना ने अदालत को बताया कि मामले में उसे झूठा फंसाया गया है। अभियोजन पक्ष प्रथम दृष्टया ही यह साबित नहीं कर सका कि घटना के समय वह कार चला रहा था। इसके अलावा न तो मामले में सीसीटीवी फुटेज पेश की गई और ना ही उसकी शिनाख्त परेड ली गई। ऐसे में केवल सह आरोपी के बयान के आधार पर उसे अपराध में शामिल किया गया है। प्रकरण में आरोप पत्र भी पेश हो चुका है। ऐसे में उसे जमानत दी जाए। जिसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता की कार का मालिक और चालक था।

उसके तेज गति से कार चलाने पर ही एक व्यक्ति की मौत हुई और 14 लोग घायल हुए। वहीं गिरफ्तार हुए कार सवार दो लोगों ने याचिकाकर्ता का ही नाम बताया है। यह कार याचिकाकर्ता को ही बेची गई थी। दुर्घटना के बाद आरोपी दस दिन तक फरार रहा और पुलिस को सूचना नहीं दी। ऐसे में उसे जमानत नहीं दी जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आरोपी को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं।